# भारतीय जनता युवा मोर्चा

(केन्द्रीय कार्यालय)
11 अशोक रोड़, नई दिल्ली–110001

दिनांक : 6 मई, 2013

## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# भाजयुमो ने दिल्ली से किया बेशर्म सप्ताह का शंखनाद

## इस्तीफे की मांग पर पवन बंसल के आवास पर उग्र प्रदर्शन

**2G, CWG, Coal G. से होते हुए घोटाले की बारात जीजाजी, मामाजी तक पहुंची – अनुराग सिंह ठाकुर**

**प्रदर्शनकारियों के सामने बेबस नजर आई पुलिस, बेरिकेट्स तोड़ रेल मंत्री के गेट तक पहुंचे प्रदर्शनकारी**

**पुलिस ने किया वाटर केनन का इस्तेमाल**

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेसनीत यूपीए सरकार के खिलाफ आज अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम बेशर्म सप्ताह की धमाकेदार शुरूआत दिल्ली से की। आज भारी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा केन्द्रीय कार्यालय, अशोक रोड़ पर एकत्रित होकर भ्रष्ट यूपीए सरकार के रेल मंत्री पवन बंसल के घर पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा भ्रष्ट यूपीए सरकार मुर्दाबाद एवं रेल मंत्री, कानून मंत्री, प्रधानमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाते हुए सड़कों पर उतरे।

ज्ञातव्य हो कि रेल मंत्री के पारिवारिक सदस्यों के माध्यम से घूस लिए जाने एवं कानून मंत्री द्वारा सी.बी.आई. की रिपोर्ट से छेड़छाड़ करने व प्रधानमंत्री के कोलगेट घोटाले में शामिल होने के विरोध में भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने देश भर में बेशर्म सप्ताह मनाने की घोषणा की थी, जिसका आरम्भ आज दिल्ली में रेल मंत्री पवन बंसल के निवास से हुआ।

प्रदर्शन में कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्षा **सोनिया गांधी के इशारे पर ही सरकार के सभी मंत्री लूट के खेल में लगे हैं नतीजतन सरकार में घोटाले करने की होड़ सी लग गई है।** आज इनकी सरकार के मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक सभी बिकने को तैयार हैं बशर्ते उनकी सही कीमत लगाने वाला हो। इस कांग्रेस की अनैतिक सरकार से नैतिकता की उम्मीद करना बेमानी है, इसलिए हमने देश भर में युवा मोर्चा के हजारों–हजार कार्यकर्त्ताओं को मोर्चे पर तैयार रहने के लिये आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो पवन बंसल अपने आपको बेकसूर बता रहे हैं वहीं दूसरी

ओर उनके सुपुत्र, भतीजा, भांजा व बिचौलिया एक ही कंपनी के निदेशक पद पर बैठे हैं। इस सरकार की बेशर्मी हर सीमा पार कर गई है। भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि जिन भ्रष्टाचारियों को भ्रष्टाचार करने की आदत पड़ गई है वो उल्टा विपक्ष पर इस्तीफा मांगने की आदत का आरोप लगाते हैं। कांग्रेस सरकार ने सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी की अगुवाई में भ्रष्टाचार के खुद की सरकार द्वारा बनाए गये सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। श्री ठाकुर ने भाजयुमो कार्यकर्त्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेसनीत यूपीए सरकार के विरूद्ध यह बेशर्म सप्ताह पूरे देश में मनाएं जिससे देश की जनता कांग्रेस के भ्रष्टाचार के साथ–साथ उसके बेशर्म कारनामों को भी जान सके।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश का समस्त युवा वर्ग वर्तमान केन्द्र सरकार की नीतियों से रूष्ट है व उसका रोष दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। अगर सरकार ने भ्रष्टाचार को रोकने के लिए उचित कदम नहीं उठाए और दागी मंत्रियों को पद से नहीं हटाया तो ये युवा देश के हर गली मोहल्ले में सड़क पर उतरेगा और इस सरकार को बुरे परिणाम झेलने पडेंगे। श्री ठाकुर ने कहा कि 2G, CWG, Coal G. से होते हुए घोटाले की यह बारात जीजाजी, मामाजी तक पहुंच गई है।

आज के प्रदर्शनकारियों के सामने पुलिस की एक न चली और उनके द्वारा लगाए गए दोनों बेरिगेट्स को जहां युवा मोर्चा के प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दिया वहीं दूसरी ओर रेल मंत्री के दरवाजे तक पहुंचकर रेलमंत्री मुर्दाबाद, कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, प्रधानमंत्री मुर्दाबाद एवं रेलमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने वाटर केनन छोड़कर प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने की कोशिश की और उसके बाद पुलिस श्री अनुराग ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर संसद मार्ग थाना ले गई।

**(दिनेश प्रताप सिंह)**
राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, भाजयुमो
**मोबाईल नं0 – 09312011454**